**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**मत्स्यपालन विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2354**
**10 दिसंबर, 2024 को उत्तर के लिए**

## कर्नाटक में पीएमएमएसवाई का कार्यान्वयन

**2354. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र :**

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में कर्नाटक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के कार्यान्वयन के लिए कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान कर्नाटक में जिला-वार कुल कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई;

(ग) कर्नाटक में उक्त अवधि के दौरान इस योजना के अंतर्गत अनुमोदित गतिविधियों/परियोजनाओं की घटक-वार नवीनतम स्थिति का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) कर्नाटक में उक्त अवधि के दौरान लाभार्थियों की कुल संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) से (घ): प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए कार्यान्वित की जा रही है। पीएमएमएसवाई के तहत, विगत चार वर्षों (2020-21 से 2023-24) और वर्तमान वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने कुल 1056.34 करोड़ रुपये की लागत से कर्नाटक सरकार के मात्स्यिकी प्रस्तावों को स्वीकृति दी है । स्वीकृत गतिविधियों में मत्स्य उत्पादन, उत्पादकता बढ़ाने, कोल्ड चेन सुविधाओं को सुदृढ़ करने, मात्स्यिकी इन्फ्रस्ट्रक्चर परियोजनाओं और मात्स्यिकी प्रबंधन की स्थापना आदि शामिल हैं।

पीएमएमएसवाई को संबंधित राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है, जिसमें जिलेवार अनुमोदन और लाभार्थी की पहचान राज्य/संघ शासित प्रदेश सरकार द्वारा की जाती है। कर्नाटक सरकार पीएमएमएसवाई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है और नियमित आधार पर यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट और प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रस्तुत कर रही है। कर्नाटक सरकार द्वारा रिपोर्ट किए गए विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमएमएसवाई के तहत घटकवार, जिलेवार उपयोग की गई धनराशि, कार्यान्वयन के तहत गतिविधियों और कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

**अनुबंध**

**'कर्नाटक में पीएमएमएसवाई के कार्यान्वयन' के संबंध में 10 दिसंबर, 2024 को उत्तर के लिए, माननीय सांसद श्री बी वाई राघवेंद्र द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2354 के भाग (क) से (घ) उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

**रूपए लाख में**

| क्रम सं. | जिले का नाम | उपयोग की गई राशि | कार्यान्वयन के अंतर्गत गतिविधियाँ | लाभान्वित लाभार्थी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बागलकोट | 102.99 | फिश कियोस्क, नए तालाब, मीठे पानी की एक्काकल्चर, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, री-सर्कुलेटरी एक्काकल्चर सिस्टम (आरएएस), आइस बॉक्स के साथ साइकिल, आइस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन। | 69 |
| 2. | बैंगलोर ग्रामीण | 227.12 | आरएएस, बायोफ्लोक तालाब, नए ग्रो-आउट तालाब, मत्स्य मूल्य-संवर्धित उद्यम इकाइयां, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ साइकिल। | 21 |
| 3. | बैंगलोर शहरी | 1551.3 | बायोफ्लोक तालाब, फिश कियोस्क, आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज, नए तालाब, आरएएस, लाइव फिश वेंडिग सेन्टर, इंसुलेटेड वाहन, रेफ्रिजरेटर वाहन, आइस बॉक्स के साथ थ्री व्हीलर, आइसबॉक्स के साथ साइकिल, मीठे पानी की एक्काकल्चर, ओर्नमिंटल फिश यूनिट, मत्स्य सेवा केन्द्र . | 150 |
| 4. | बेलगावी | 247.22 | बायोफ्लोक तालाब, आरएएस, नए ग्रो-आउट तालाब, इंसुलेटेड ट्रक, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, फिश कियोस्क, मीठे पानी की एक्काकल्चर, रेफ्रिजरेटर वाहन, बेकयार्ड ओर्नामिंटल फिश रियरिगं। | 79 |
| 5. | बेल्लारी | 760.2 | फिश कियोस्क, नए-ग्रो आउट तालाब, नए तालाब, आरएएस, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, बायोफ्लोक तालाब, नए रेअरिगं तालाब, मीठे पानी की हैचरी, मीठे पानी में एक्काकल्चर। | 143 |
| 6. | बीदर | 554.84 | नये तालाब, मीठे पानी की एक्काकल्चर, आरएएस, केज कल्चर, इंसुलेटिड वाहन, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, बायोफ्लोक तालाब। | 103 |
| 7. | चामराजनगर | 223.56 | नए रियरिंग तालाब, नए तालाब, आरएएस, जलाशयों में फिंगरलिंग स्टॉकिंग, आइसबॉक्स के साथ साइकिल, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, बायोफ्लोक तालाब, मीठे पानी की एक्काकल्चर (मिश्रित फिश कल्चर)। | 65 |
| 8. | चिकबलपुर | 839.96 | बायोफ्लोक तालाब, फिश कियोस्क, नए तालाब, आरएएस, आइसबॉक्स के साथ साइकिल, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, मीठे पानी में एक्काकल्चर, ओर्नेमेंटल फिश यूनिट, एकीकृत ओर्नेमेंटल फिश यूनिट। | 75 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | चिकमंगलूर | 32.32 | नया ग्रो आउट तालाब, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, आरएएस, मीठे पानी में एक्वाकल्चर, आइसबॉक्स के साथ साइकिल। | 24 |
| 10. | चित्रदुर्ग | 217.65 | नये तालाब, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आरएएस, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर। | 36 |
| 11। | दक्षिण कन्नड़ | 2329.42 | डीप सी फिशिंग, फिश कियोस्क, आरएएस, जलाशयों में केज, नाव और जाल, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, संचार और ट्रैकिंग उपकरण, कोल्ड स्टोरेज, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, सुरक्षा किट, बाइवाल्व खेती, मत्स्य प्रतिबंध के दौरान सहायता। | 3569* |
| 12. | दावणगेरे | 183.96 | नये तालाब, मीठे पानी में एक्वकल्चर, आरएएस, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, फिश कियोस्क। | 48 |
| 13. | धारवाड़ | 185.96 | नये तालाब, आरएएस, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, इनपुट सब्सिडी (मीठे पानी का एक्वाकल्चर)। | 23 |
| 14. | गदग | 443.79 | नए तालाब, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, फिश कियोस्क, आरएएस, मीठे पानी की हैचरी, मीठे पानी में एक्वाकल्चर। | 80 |
| 15. | हसन | 353.21 | नये तालाब, आरएएस, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, लाइव फिश वेंडिग सेन्टर , इंसुलेटेड वाहन। | 72 |
| 16. | हावेरी | 95.79 | नई मीठे पानी की हैचरी, नए तालाब, आरएएस, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर। | 18 |
| 17. | कलबुर्गी | 778.93 | नए तालाब, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, कोल्ड स्टोरेज, आरएएस, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, आइसबॉक्स के साथ साइकिल, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, बायोफ्लोक तालाब, फिश कियोस्क, नए ग्रो-आउट तालाब। | 173 |
| 18. | कोडागू | 181.11 | नए ग्रो-आउट तालाब, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, आइसबॉक्स के साथ साइकिल, फिश कियोस्क, बायोफ्लोक तालाब, एकीकृत ओर्नामेंटल फिश यूनिट, आरएएस, इंसुलेटेड वाहन। | 246 |
| 19. | कोलार | 247.38 | नए ग्रो-आउट तालाब, बायोफ्लोक तालाब, आरएएस, फिश कियोस्क, इंसुलेटेड वाहन, लाइव फिश वेंडिग सेन्टर, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर। | 44 |
| 20. | कोप्पल | 380.69 | नए ग्रो-आउट तालाब, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, बायोफ्लोक तालाब, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, कोल्ड स्टोरेज, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, इंसुलेटेड वाहन। | 176 |
| 21. | मंड्या | 242.9 | नए ग्रो-आउट तालाब, नए रियरिंग तालाब, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, बायोफ्लोक तालाब, फिश कियोस्क, आरएएस, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, जलाशयों के साथ केजों की स्थापना। | 88 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22. | मैसूर | 342.30 | नए ग्रो-आउट तालाब, बायोफ्लोक तालाब, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, इंसुलेटेड वाहन, फिश कियोस्क, आरएएस, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर। | 124 |
| 23. | रायचूर | 1497.2 | नए तालाब, नए ग्रो-आउट तालाब, आरएएस, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, रेफ्रिजरेटर वाहन, फिश कियोस्क। | 239 |
| 24. | रामनगर | 691.8 | नए तालाब, आरएएस, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, फिश कियोस्क, बायोफ्लोक तालाब, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, कोल्ड स्टोरेज प्लांट। | 98 |
| 25. | शिवमोगा | 179.27 | मत्स्य सीड रियरिंग तालाब, नया ग्रो-आउट तालाब, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, फिश कियोस्क, इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, मीडियम स्केल ओर्नामेंटल यूनिट | 142 |
| 26. | तुमकुर | 1890.85 | नया - ग्रो आउट तालाब, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, आरएएस, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल , आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, बायोफ्लोक तालाब, कोल्ड स्टोरेज, लाइव फिश वेंडिंग सेंटर , इंसुलेटेड वाहन। | 201 |
| 27. | उडुपी | 1742.68 | आरएएस, नए ग्रो-आउट तालाब, आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज, इंसुलेटेड वाहन, संचार और ट्रैकिंग उपकरण, सुरक्षा किट, बाइवाल्व कल्टीवेशन, लाइव फिश वेंडिंग सेंटर, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, रेफ्रिजरेटर वाहन, मत्स्य प्रतिबंध के दौरान सहायता। | 28616* |
| 28. | उत्तर कन्नड़ | 1034.19 | बाइवाल्व कल्टीवेशन, कोल्ड स्टोरेज, जलाशयों में केजों की स्थापना, आइसबॉक्स के साथ थ्री-व्हीलर, आरएएस, नाव और जाल ( पारंपरिक मछुआरे), इंसुलेटेड वाहन, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, मत्स्य प्रतिबंध के दौरान सहायता। | 16259* |
| 29. | विजयनगर | 1.99 | नए तालाब, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल। | 2 |
| 30. | विजयपुरा | 648.12 | बायोफ्लोक तालाब, नए तालाब, आरएएस, आइसबॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, फिश कियोस्क, कोल्ड स्टोरेज, नए मीठे पानी की हैचरी, मीठे पानी की एक्वाकल्चर, मत्स्य सेवा केन्द्र . | 152 |
| 31. | यादगिरी | 762.35 | इनपुट सब्सिडी, इंसुलेटेड वाहन, कोल्ड स्टोरेज के साथ नए ग्रो आउट तालाब। | 91 |

*इसमें मात्स्यिकी प्रतिबंध अवधि के दौरान आजीविका सहायता के अंतर्गत कवर किए गए पीएमएमएसवाई के लाभार्थी शामिल हैं।

*****